Immigration
Advice
Authority

अप्रवासन सलाह चाहिए क्या? IAA यहाँ आपकी मदद के लिए ही है।

जो भी व्यक्ति अप्रवासन सलाह या सेवाएं प्रदान करता है, उसे अच्छी तरह विनियमित किया जाना चाहिए। **अप्रवासन सलाह प्राधिकरण (IAA)**, अप्रवासन सलाहकारों के लिए एक मानक संहिता निर्धारित करता है, और कुछ गलत होने पर आपकी तरफ से शिकायतों की जांच कर सकता है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको भरोसेमंद पेशेवर अप्रवासन सलाह मिल रही है, यह जरूर देख लें कि आपका सलाहकार, IAA के साथ पंजीकृत है, या हमारे माध्यम से एक विनियमित सलाहकार की खोज करें।

एक IAA-पंजीकृत सलाहकार ढूंढें

आप **gov.uk/iaa** पर जाकर एक पंजीकृत अप्रवासन सलाहकार ढूंढ सकते हैं।

अप्रवासन सलाह प्राधिकरण (IAA) कौन है?

IAA वह संगठन है जो अप्रवासन सलाहकारों को विनियमित करता है और अप्रवासन सलाह क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य पद्धति को बढ़ावा देता है। हमारे साथ पंजीकृत होने के लिए, एक सलाहकार को यह साबित करना होगा कि वे हमारी मानक संहिता को पूरा करते हैं और उन मानकों का सम्मान करते रहते हैं।

UK में उचित रूप से विनियमित हुए बिना अप्रवासन सलाह देना गैरकानूनी है। ऐसा करने वाले लोग, अतिसंवेदनशील लोगों को खतरे में डाल रहे हैं और अप्रवासन प्रणाली को नुकसान पहुंचा रहे हैं। IAA को कानून तोड़ने वाले सलाहकारों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार है।

एक सलाहकार के बारे में शिकायत करें

यदि आपका कोई बुरा अनुभव रहा है, तो हम उसके बारे में जानना चाहते हैं ताकि हम चीज़ों को सही करने में आपकी मदद कर सकें। आप IAA से निम्नलिखित के बारे में शिकायत कर सकते हैं:

- खराब सेवा जो आपको IAA के साथ पंजीकृत सलाहकार से मिली है, जैसे कि गुमराह किया जाना, आवश्यकता से अधिक शुल्क लिया जाना, खराब ग्राहक सेवा, खराब सलाह या आपको जवाब न देना
- अप्रवासन सलाह जो आपको किसी अविनियमित व्यक्ति से मिली हो

आप किसी अन्य व्यक्ति को भी आपकी तरफ से शिकायत करने के लिए कह सकते हैं, उदाहरण के लिए, कोई दोस्त, वकील या स्वैच्छिक संगठन।

हमारी वेबसाइट पर जाने के लिए यहां स्कैन करें

हमसे कैसे संपर्क करें

कोई शिकायत करने के लिए, या किसी सामान्य समस्या के बारे में बताने के लिए IAA से संपर्क करने के कई तरीके हैं:

- gov.uk/iaa पर जाएं
- ईमेल info@immigrationadviceauthority.gov.uk